उत्तर प्रदेश शासन,
उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1
संख्या-83/1181/84-1-14-17 बामा/2013
लखनऊ दिनॉक फरवरी, 2014

<u>कार्यालय-आदेश</u>

श्री राकेश सिंह, तत्कालीन वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, मोहन नगर, गाजियाबाद (सम्प्रति वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, सहारनपुर) में तैनाती के दौरान उनके विरूद्व उप नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, मेरठ सम्भाग, मेरठ द्वारा टैंकलारियों के कैलीब्रियेशन में की गयी अनियमितताओं एवं अभिलेखों में की गई हेराफेरी के संबंध में प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर श्री सिंह के विरूद्व की गई विभागीय कार्यवाही में नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या-222/निविमावि-अधि-1/वै0प0 07/12, दिनॉक 01 फरवरी, 2013 द्वारा श्री सिंह को निम्नवत् दण्ड दिया गया:-

(1) परिनिन्दा प्रविष्टि- श्री राकेश सिंह द्वारा सत्यापन मुद्रांकन शुल्क में विलम्ब शुल्क लिये जाने में की गई अनियमितता, उप नियंत्रक, मेरठ को त्रुटिपूर्ण सूचनायें प्रेषित करने एवं एक ही अपराध में व्यापारियों से दो बार शमन शुल्क जमा कराये जाने हेतु श्री राकेश सिंह की परिनिन्दा की जाती है।

(2) एक वार्षिक वेतनवृद्वि अस्थायी रूप से।

2- नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग के उक्त दण्डादेश दिनॉक 01 फरवरी, 2013 के विरूद्व श्री राकेश सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक द्वारा प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद/उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को अपील दिनॉक 02-7-2013 प्रस्तुत किया गया। प्राप्त अपील पर नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान से आख्या/अभिमत प्राप्त किया गया। प्राप्त अभिमत जॉच अधिकारी की जॉच आख्या तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों का शासन स्तर पर सम्यक् रूप से विचार किया गया। सम्यक् विचारोपरान्त श्री राकेश सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक का दोष सिद्व होना नहीं पाया गया। अत: श्री राकेश सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक की अपील दिनॉक 02-07-2013 को स्वीकार करते हुए नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 01 फरवरी, 2013 को एतदद्वारा निरस्त किया जाता है।

दीपक त्रिवेदी
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या तथा दिनॉक उपरोक्त</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-291/निविमावि-अधि-1(वै0प0)33/2013, दिनॉक 06 अगस्त, 2013 के संदर्भ में।
2- श्री राकेश सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान द्वारा नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in